Regarding problems of Diamond industry in Surat

श्री परषोत्तमभाई रुपाला **(राजकोट) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । गुजरात सूरत सिटी को आप सभी जानते हैं कि यह शहर डायमंड सिटी के नाम से हमारे राज्य का ही नहीं पूरे देश का मान बढ़ाने का काम कर रहा है । वहां एम्पलाएमेंट देने का भी बहुत बड़ा काम चल रहा है । मुझे बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि हमारे सूरत शहर में केवल भी प्रांत ऐसा नहीं होगा जहां लोग रोजी-रोटी के लिए न रहते हों, वहां सभी लोग खुशहाल रह रहे हैं । वर्तमान में डायमंड सिटी में डायमंड में जो मंदी चल रही है उस मंदी के वजह से उनमें काम करने वाले, मजदूरी करने वाले कारीगरों का बड़ा खस्ता हाल हो रहा है ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि राज्य सरकार के साथ मिलकर देखे ताकि उन कामदारों के बच्चों की पढ़ाई न रुक सके । मंदी के वजह से उनको अपने बच्चों को फीस भरने में दिक्कत आ रही है, उनका शैक्षणिक वर्ष न बिगड़े, इसकी कोई व्यवस्था की जाए । इसके साथ ही उनके आरोग्य के लिए सुविधा भी मुहैया कराने का काम किया जाए, मेरा आपके माध्यम से सरकार से यही अनुरोध है ।